
अमर उजाला 22/03/2023

# पोस्टर मेकिंग में अंजलि तो स्लोगन में वीनस प्रथम



पोस्टर मेकिंग और स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के भौतिक विज्ञान विभाग की ओर से पोस्टर मेकिंग और स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में 34 छात्र और छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन विभागाध्यक्ष डॉ. एसके पांडे और डॉ. नियति की देखरेख में किया गया। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने छात्र और छात्राओं को संबोधित किया। पोस्टर मेकिंग में प्रथम पुरस्कार अंजलि बीएससी प्रथम वर्ष और स्लोगन में वीनस बीएससी तृतीय वर्ष ने प्राप्त किया। मौके पर डॉ. कुलदीप, डॉ. नेहा अग्रवाल और डॉ. एसके बाटला उपस्थित रहे।